चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

दिनांक : 04.12.2019

1. समस्त विभागाध्यक्ष, समन्वयक/निदेशक,
   विभागाध्यक्ष, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, कैम्पस मेरठ।
2. समस्त प्राचार्य/सचिव,
   समस्त राजकीय/अनुदानित/स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,
   चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

तिथि विस्तारण सूचना

भारत सरकार ने सभी अकादमिक अंकपत्रों एवं प्रमाणपत्रों को डिजिटल तथा सुरक्षित रखने हेतु NAD (राष्ट्रीय अकादमिक डिपोजिट्री) की स्थापना की हैं जिसके अन्तर्गत सभी छात्र एवं छात्राओं के अंकपत्रों/प्रमाणपत्रो को NAD पोर्टल पर अपलोड किया जाना आवश्यक हैं। उपरोक्त व्यवस्था के उपरान्त सभी छात्र–छात्रायें अपने अंक पत्र/प्रमाण–पत्र ऑनलाईन प्राप्त/देख/सत्यापित करा पायेंगे तथा इस कार्य हेतु यू0जी0सी0 के दिशा निर्देशो के अनुपालन मे आगामी परीक्षाओं में परीक्षा फार्म भरते समय परीक्षार्थी को अपनी NAD ID भरना आवश्यक है। इसी क्रम में आपसे अनुरोध है कि सभी छात्र–छात्राओं को NAD ID बनाने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

NAD ID बनाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश

1. सभी विद्यार्थी आधार से अथवा बिना आधार के NAD ID बना सकते हैं।
2. विद्यार्थियों को NAD ID बनाते समय निम्नलिखित अभिलेखों की आवश्यकता होगी।
   (क) आधार कार्ड
   (ख) अपनी नवीनतम फोटा को स्कैन करके रखना हैं।
   (ग) अपने हस्ताक्षर को स्कैन करे रखना हैं।
   (घ) नामांकन संख्या इत्यादि के लिए अपनी मार्कशीट को रखना हैं।
3. विद्यार्थियों को NAD ID के पंजीकरण हेतु **https://cvl.nad.co.in** पोर्टल पर signup विकल्प चुन कर student विकल्प चुनकर दो तरीको से offline EKYC Aadhar अथवा Non-Aadhar से पंजीकृत कर सकते हैं तथा किसी अन्य पोर्टल पर पंजीकरण न करें।
4. पंजीकरण के समय विद्यार्थी को अपने मोबाईल नं0 एवं ई–मेल का विवरण देना हैं। इसी मोबाईल नं0 तथा ई–मेल पर OTP आयेगा।
5. अनुमोदन हेतु पंजीकरण फार्म का प्रिंट लेकर विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर सेंटर में जमा करना आवश्यक है।
6. विश्वविद्यालय स्तर पर NAD ID बनाने की प्रक्रिया हेतु कॉलेज/संस्थान द्वारा निम्न तालिकानुसार विवरण Excel sheet में उपलब्ध कराना आवश्यक है:–

College/Department Name	Student Name	D.O.B.	Class	Year of admission	Enrollment No. (if available)	Mobile No.	E-Mail ID
1	2	3	4	5	6	7	8

कृपया NAD ID बनाने के कार्य को दिनाक 05/12/2019 से **दिनांक 25/12/2019** तक विस्तारित किया जाता है कृपया उक्त कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने का कष्ट करें। तथा कार्य पूर्ण होने के उपरान्त निम्नांकित मेल–आई0डी0 पर Excel sheet में डाटा प्रेषित करने का कष्ट करें।

भारत सरकार की योजना के कार्यान्वयन मे आपकी रुचि पूर्ण सहभागिता एवं महत्वपूर्ण सहयोग के लिये आभार एवं धन्यवाद।

1. nodalofficer-nad@ccsuniversity.ac.in
2. registrar@ccsuniversity.ac.in

(प्रो0 मृदुल कुमार गुप्ता)
नोडल अधिकारी (NAD)
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
सम्पर्क सूत्र : 0121–2767799

(धीरेन्द्र कुमार वर्मा)
कुलसचिव
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

प्रतिलिपि :– सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।